सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 344 | इंदौर, शुक्रवार 23 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. West Bengal: पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने मांगी केंद्रीय बलों की 800 कंपनियां, 315 भेजी गईं
2. पंजाब में बुजुर्गों पर बोझ: पेंशनधारकों को भी देना होगा नया टैक्स, खाते से हर माह कटेंगे 200 रु., विरोध शुरू

# बिपरजॉय तूफान रीवा-शहडोल में शिफ्ट

**● सतना-सीधी समेत 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट; 2 दिन में मानसून की एंट्री**


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। निवाड़ी-टीकमगढ़ में भारी बारिश कराने वाला बिपरजॉय तूफान अब रीवा-शहडोल में शिफ्ट हो गया है। इससे शुक्रवार को रीवा और शहडोल संभाग के 8 जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है। रीवा, शहडोल के अलावा सतना, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, डिंडोरी और अनूपपुर में 3 इंच या इससे ज्यादा बारिश हो सकती है। भोपाल, इंदौर संभाग में भी बारिश होने की संभावना है। जबलपुर में शुक्रवार सुबह से रुक-रुक कर रिमझिम तो कभी तेज बारिश हो रही है।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि बिपरजॉय अभी कम दबाव के क्षेत्र के रूप में उत्तरप्रदेश के मध्य एरिया में एक्टिव है। इससे उत्तरप्रदेश से सटे ग्वालियर-चंबल के जिलों के साथ टीकमगढ़, निवाड़ी में बारिश की एक्टिविटी देखने को मिली। निवाड़ी और टीकमगढ़ में गुरुवार को भारी बारिश हुई। यह ईस्ट एरिया की ओर शिफ्ट हो रहा है। इस बीच अगले 2 दिन में प्रदेश में मानसून की एंट्री हो सकती है। अब की बार यह बंगाल की खाड़ी की तरफ से पहले आएगा।

### ● पूर्वी हिस्से से ही प्रदेश में एंटर होगा

सीनियर मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया, मानसून की दूसरी ब्रांच बंगाल की खाड़ी अभी एक्टिव है। गुरुवार को ओडिशा और छत्तीसगढ़ में मानसून पहुंच गया। शुक्रवार और शनिवार को भी वहां एक्टिविटी रहेगी। मानसून के आगे बढऩे के चलते यह मध्यप्रदेश में अगले 48 से 72 घंटों में एंट्री कर लेगा। प्रदेश के पूर्वी हिस्से



से यह आएगा। शहडोल, अनूपपुर, बालाघाट, डिंडोरी, उमरिया, मंडला से मानसून एंटर करेगा और फिर आगे बढ़ेगा।

### ● जुलाई तक का कोटा पूरा, 3 घंटे में 8 इंच पानी गिरा

तूफान की वजह से निवाड़ी में गुरुवार को भारी बारिश हुई थी। गुरुवार सुबह 5.30 से गुरुवार सुबह 8.30 बजे तक 3 घंटे में ही कुल 195 एमएम यानी करीब 8 इंच पानी गिर गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी ज्यादा बारिश होने से जुलाई का कोटा पूरा हो गया। गुरुवार को ही हरदा में 3 इंच पानी गिरा। वहीं, बालाघाट में एक इंच के करीब बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में दतिया में 2 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। इसके अलावा छतरपुर के लवकुश नगर में डेढ़ इंच, इंदौर के महू में 3 इंच, पन्ना के अमानगंज में 1 इंच से ज्यादा बारिश हुई। टीकमगढ़ में आधा इंच पानी गिरा।

### ● भोपाल में ऐसा मौसम का मिजाज

बादलों की एक्टिविटी बढ़ रही है। इसके चलते भोपाल में भी मौसम बदला रहेगा दोपहर तक गर्मी का असर देखने को मिल सकता है, लेकिन इसके बाद बारिश होने का अनुमान है। इससे तापमान में भी गिरावट होगी।

### ● बारिश से पारे में गिरावट, गर्मी का असर कम

इससे पहले गुरुवार को प्रदेशभर में गर्मी का असर कम हो गया। पचमढ़ी में सबसे कम 29.5 डिग्री तापमान रहा। वहीं, खजुराहो, सागर में तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में पारे में 4 डिग्री की गिरावट हुई और 33.2 डिग्री रहा। इंदौर में पारा 32.5, ग्वालियर में 33.4 और जबलपुर में तापमान 34.5 डिग्री दर्ज किया गया। शिवपुरी, नौगांव, गुना, धार, रतलाम, सिवनी, सतना, छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम में भी तापमान में गिरावट हुई। यहां तापमान 35 डिग्री से कम दर्ज किया गया।

# विदिशा में वन अमले पर हमला, गर्दन काटने की धमकी दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

विदिशा। प्रदेश में वन कर्मियों पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले एक साल में इस तरह के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। वनकर्मी जब भी कोई भी कार्रवाई करते हैं तो आरोपी वनकर्मियों पर हमला करने में पीछे नहीं हटते। एक बार फिर ऐसा ही मामला बुधवार को सामने आया। जब लटेरी के जंगल में अतिक्रमण करके दुकान वाले युवक को दुकान हटाने के लिए बोला तो उसने फरसा लेकर वनकर्मियों पर हमला कर दिया।

दरअसल, मामला यह है कि लटेरी के पास महावन में वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण करके एक पंक्चर की दुकान संचालित कर रहा था। जब वन विभाग की टीम क्षेत्र का भ्रमण कर रही थी। उन्होंने वन विभाग की जमीन पर दुकान संचालित करते हुए देखा तो उन्होंने संबंधित व्यक्ति को दुकान हटाने के लिए कहा। इससे आरोपी व्यक्ति नाराज हो गया और फरसा उठाकर वनकर्मियों को धमकी देने लगा कि अगर दुकान को हाथ लगाया तो गर्दन काट दूंगा।

इतना ही नहीं आरोपी गाड़ी में बैठे वन अधिकारी पर हमला करने के लिए उतारु हो गया। वहां मौजूद वनकर्मियों और लोगों ने जैसे तैसे मामला शांत करवाया। लटेरी थाने में आरोपी युवक के खिलाफ मामले की शिकायत की गई है। पुलिस का कहना है कि वन विभाग ने युवक की शिकायत की है, मामले की जांच करवा रहे हैं।

# जब एक पल ऐसा आया जब साया भी छोड़ गया साथ

**साल में दो दिन होती है खगोलीय घटना**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। कहते है कि हमारी परछाई कभी भी हमारा साथ नहीं छोड़ती,मगर साल में दो दिन ऐसे आते हैं,जब दोपहर में कुछ समय के लिए हमारी परछाई हमारा साथ छोड़ देती है। यह नजारा उज्जैन में इसलिए दिखता हैं,क्योंकि उज्जैन के ऊपर से कर्क रेखा गुजरती है। पृथ्वी सूर्य के चारो और परिक्रमा करती है,सूर्य ने गुरूवार को उत्तराणायन से दक्षिणायन की ओर प्रवेश किया,जिसके चलते सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत की स्थिति में आ गया,जिससे दोपहर में कुछ क्षण के लिए परछाई गायब हो गई।

खगोलीय दृष्टि से शहर में गुरुवार का दिन बड़ा महत्वपूर्ण रहा। दरसअल प्रति वर्ष 21 या 22 जून को सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत की स्थिति में रहता है जिसके कारण परछाई गायब हो जाती है। इस बार 22 जून को उज्जैन के जीवाजी वेधशाला में खगोलीय घटना देखने को मिली। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खगोल प्रेमी वेधशाला पहुंचे थे। अधीक्षक राजेंद्र गुप्त ने बताया कि हम सभी जानते है कि पृथ्वी



सूर्य के चारो और परिक्रमा करती है,22 जून को सूर्य उत्तरी गोलार्ध में अपने अधिकतम उत्तर स्थिति में कर्क रेखा पर लम्बवत होता है,आज सूर्य की स्थित 23 अंश 26 कला और 16.7 रहती है इस कारण उत्तरी गोलार्ध में सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात होगी। 13 घंटे 34 मिनिट की रात और 10 घंटे 26 मिनट की रात हैं। उज्जैन कर्क रेखा के नजदीक स्थित है। परछाई पहले पूर्व की और रहती है दोपहर 12.28 मिनट पर शून्य हो जाती है। इसके बाद शंकु यंत्र के माध्यम से देखा जा सकता है। आज के बाद सूर्य दक्षिण की और गति करना प्रारम्भ कर देगा जिससे उत्तरी गोलार्ध में दिन छोटे होने लगेंगे और राते बड़ी होने लगेगी।

### लोगों ने देखा इस खगोलीय घटना का नजारा

देश में 4 वेधशाला हैं,जिसमें से एक उज्जैन में स्थित है जहाँ कालगणना के केंद्र होने के साथ ही उज्जैन से होकर गुजरी कर्क रेखा भी शामिल है। कर्क रेखा पर स्थित शंकु यंत्र पर पड़ती है तो सूर्य की किरण गायब ही जाती है। जब सूर्य भूमध्य रेखा पर आता है, तो पूरे विश्व में दिन और रात बराबर होते हैं। इस खगोलीय घटना के कारण भूमध्य रेखा और कर्क रेखा के बीच रहने वाले लोगों की दोपहर में सूर्य की रोशनी से परछाई नहीं बनती है। उज्जैन के जीवाजी वेधशाला पर कई लोगो ने इस खगोलीय घटना को देखा।

# जन-जन से एकत्रित की जाएगी स्मारक की निर्माण राशि

## कलेक्टर ने स्मारक ट्रस्ट के ट्रस्टियों के साथ जमीन का मौका मुआयना किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **देवी अहिल्या स्मारक ट्रस्ट शासन से प्राप्त जमीन पर देवी अहिल्या बाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित स्मारक बनाने का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने जा रहा है। ट्रस्ट स्मारक की वास्तु कल्पना के लिए देश भर से खुली प्रतियोगिता के माध्यम से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ कल्पना का चयन कर निर्माण हेतु ऐजेंसी तय करेगा।**

उपरोक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सचिव अशोक डागा ने बताया कि लाल बाग के पास पुराने आरटीओ भवन एवं उससे लगी 3 एकड़ जमीन का सीमांकन एवं रजिस्ट्रेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। आरटीओ परिसर की जमीन की साफ सफाई काम कलेक्टर डॉक्टर इलैया राजा टी ने निगम से कराकर ट्रस्ट को जमीन हस्तांतरित करने की तैयारी कर ली है। जिलाधीश ने स्मारक ट्रस्ट के ट्रस्टियों के साथ जमीन का मौका मुआयना भी किया। प्राप्त जमीन का अवलोकन के लिए ट्रस्ट सचिव अशोक डागा, मिलिंद महाजन, सुधीर देड़गे ने किया। इस अवसर पर निलेश केदारे, अविनाश भांड, प्रतीक तागड़ आदि उपस्थित थे।

### जन-जन से राशि जुटाने के लिए शहर के पार्षदों को मिलेगी जिम्मेदारी

ट्रस्ट की अध्यक्ष पूर्व लोक सभा स्पीकर सुमित्रा महाजन की हार्दिक इच्छा है कि स्मारक के निर्माण में लगने वाली राशि जन जन से एकत्रित की जाए। ट्रस्टी सांसद शंकर लालवानी, पुरुषोत्तम पसारी, विनोद अग्रवाल ने भी इस बात पर सहमति व्यक्त की है। इसके लिए पार्षदों को साथ लेकर समितियों का गठन भी किया जाएगा।

### खुली प्रतियोगिता के माध्यम से तय होगी स्मारक की वास्तु कल्पना

मीडिया प्रभारी रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि ट्रस्ट के अंतर्गत विभिन्न कार्यों को देखने के लिए भी जानकार लोगों को समिति बनाकर ट्रस्ट से जोड़ने का निर्णय भी लिया गया है। ट्रस्ट स्मारक की वास्तु कल्पना के लिए देश भर से खुली प्रतियोगिता के माध्यम से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ कल्पना को स्वीकार कर निर्माण हेतु ऐजेंसी तय करेगा।

# इंदौर समेत प्रदेश के सभी मिलियन प्लस शहरों में वायु गुणवत्ता की स्थिति संतोषजनक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश के सभी मिलियन प्लस शहरों में वायु गुणवत्ता की स्थिति संतोषजनक है। यह मूल्यांकन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया है। प्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर मिलियन प्लस सिटी है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए देश भर के मिलियन प्लस शहरों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन का आधार पीएम 10 के स्तर में कमी और गुड डेज की संख्या में वृद्धि रखा गया था। इसी तारतम्य में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई द्वारा सभी मिलियन प्लस शहरों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

श्री मंडलोई ने कहा है कि जबलपुर, भोपाल और ग्वालियर वर्ष 2021-22 में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए आवंटित राशि का 100 प्रतिशत एवं वर्ष 2022-23 में प्राप्त राशि का न्यूनतम 75 प्रतिशत उपयोग 28 जून तक आवश्यक रूप से करें, इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त होने वाली राशि के अनुसार अपना वार्षिक एक्शन प्लान तैयार कर पीआरएएनए पोर्टल पर 28 जून तक दर्ज करें। अन्य योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन इत्यादि से समन्वय कर शहर की वायु गुणवत्ता सुधार के लिए योजना तैयार करें। सभी शहरों को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 के लिए तैयारी कर दस्तावेज 5 जुलाई 2023 तक दर्ज करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# राऊ फ्लायओवर बना रही कंपनी को एनएचएआई ने थमाया नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बायपास और इंदौर के शहरी एबी रोड जंक्शन पर बनाए जा रहे सिक्स लेन फ्लायओवर में ढीलपोल बरतने पर ठेकेदार एजेंसी को नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने शोकॉज नोटिस थमाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है। एनएचएआई ने कंपनी को 60 दिन के भीतर काम की गति में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। राऊ जंक्शन पर 30 करोड़ रुपए की लागत से सिक्स लेन फ्लायओवर का निर्माण हो रहा है। तय समय सीमा के अनुसार इसका काम अगस्त-23 तक पूरा होना है, लेकिन मौजूदा स्थिति देखकर तब तक काम पूरा होना असंभव है।

एनएचएआई अफसर दिसंबर-23 तक बचा काम पूरा कर फ्लायओवर शुरू करने की बात कह चुके हैं। हालत यह है कि अभी तक प्रस्तावित फ्लायओवर के दोनों तरफ सर्विस रोड भी नहीं बन पाई है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि सारी गलती ठेकेदार एजेंसी की नहीं है। बिजली के खंभे, अतिक्रमण, निजी निर्माण और पेड़ आदि की बाधाएं हटने में भी समय लगा। जब तक एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन ठेकेदार एजेंसी को साइट क्लीयर नहीं करके देगी, वह कैसे काम पूरा कर सकती है। फिलहाल उपलब्ध जगह पर कंपनी काम कर रही है।

# आदिपुरुष के संवाद बच्चों को क्या संस्कार देंगे ?

## ● विरोध के कारण विवादित संवाद को बदलना ही पड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बॉलीवुड कि अभी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म आदिपुरुष जो रामायण के किरदारों पर बनाई गई। इस फिल्म में किरदार तो राम और सीता जी के को राम भक्त श्री हनुमान जी के लेकिन भाषा बिल्कुल टपोरी संवाद लिखे गए जो हमारे धर्म संस्कृति को बदनाम करने का प्रयास किया गया । देश में इस तरह विरोध हुआ कि इस के विवादित संवाद बदलने को मजबूर होना पड़ा।**

1987 में श्री रामानंद सागर की रामायण जिसमें बहुत ही सरलता सहजता , एवं सौंदर्यता का अद्भुत मिश्रण इसके कलाकार भी स्वयं साक्षात परमात्मा का स्वरूप दिखाया गया जो बेहद ही मनमोहक था।

इतनी सुंदर रामायण का आज की बनी हुई फिल्म ने इतना गंदा मजाक उड़ाया है की पूरी जनता आक्रोशित है, क्या संस्कार हम अपने बच्चों को सिखाएंगे ऐसी फिल्में दिखाकर पूरा देश उत्साहित था की रामायण के ऊपर फिल्म आ रही है लेकिन आज जो स्थिति है हर कोई आक्रोशित है और ऐसी फिल्म का विरोध हो रहा है पूरे देश में । इसी का परिणाम है कि विवादित संवाद बदलना पड रहे है। रामायण जी देखना , इसका अध्ययन करना , एवं सुनकर अपने जीवन को सही मार्ग दिशा पर ले जाने का कार्य करती है हमारी रामायण हमारे धर्म आस्था का प्रतिबिंब है। इसीलिए कहते हैं यह कलयुग है कि यहां के जो निमार्ता निर्देशक है ऐसी फिल्में लिखने वाले लेखक जिनकी बुद्धि भ्रष्ट हो चुकी है वही ऐसे पवित्र धार्मिक ग्रंथ के ऊपर ऐसे संवाद का उपयोग करने का साहस कर सकते हैं ।संपूर्ण सनातन धर्म की आस्था को आहत करना यहां तक की नेपाल में तो इतना भयंकर विरोध की अब ऐसी फिल्में नहीं चलेगी वहां पर। सीता माता जिन्होंने अपनी लज्जा और अपने सतीत्व की रक्षा करी उनके भी संवाद को बड़े ही हल्के तरीके से लिखा गया यहां तक कि हमारे प्रभु श्री राम के परम भक्त हमारे हनुमान जी जो इस पृथ्वी पर जीवंत है उनके संवाद को तो बेहद ही शर्मनाक तरीके से निंदनीय तरह लिखा गया हमारी भाषा संस्कृति हमारे संस्कार यही तो हमारे हिंदुस्तान की पहचान है ।राम के नाम को बदनाम करने का प्रयास मत कीजिए फिल्म बनाना भी है तो उनकी गरिमा उनके स्वरूप की महिमा का ध्यान रखकर फिल्म बनाईये ।

## कटाक्ष




ⓒwww.detectivegroupreport.com

# दानपेटियों से निकले एक करोड़ 83 लाख 78 हजार रुपये

## ● 15 दिन चली दानपात्रों की गिनती हुई पूरी, दान राशि बैंक में जमा कराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देश-विदेश में ख्यात इंदौर के खजराना गणेश मंदिर के दानपात्रों की गिनती समाप्त हो गई है। इस बार 15 दिन चली गिनती में 40 दानपेटियों से कुल एक करोड़ 83 लाख 78 हजार रुपये निकले, जो इससे पहले हुई दानपात्रों की गिनती में सबसे अधिक राशि है। अंतिम दिन दो लाख 78 हजार रुपये की राशि बैंक में जमा कराई गई।

गिनती के बाद दानपात्रों को उनके निर्धारित स्थानों पर फिर से रख दिया गया है। इस बार दानपात्रों की गिनती पांच माह बाद की गई थी। मंदिर के मैनेजर घनश्याम शुक्ला ने बताया कि इस बार आठ देशों की विदेशी मुद्राओं के अतिरिक्त सोने के सिक्के और चांदी के आभूषण भी भक्तों ने अर्पित किए है।

### दानपेटी से कई देशों की मुद्राएं निकली

प्रवासी भारतीय सम्मेलन के दौरान 800 विदेशी मेहमान भगवान के दर्शन के लिए आए थे। इसके चलते दानपेटियों से आस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूके, इंडोनेशिया, नेपाल, सिंगापुर, ओमान, अमीरात की मुद्राएं भी निकली।

# बिजली आपूर्ति गुणवत्ता के साथ हो, शिकायत निवारण भी समय पर करे

## जल संसाधन मंत्री सिलावट ने ली बिजली अधिकारियों की मिटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर के विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को इंदौर में बिजली अधिकारियों की मिटिंग ली। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति शासन के नियमानुसार गुणवत्ता के साथ की जाए।

श्री सिलावट ने बताया कि क्षेत्र में ईमलीखेड़ा, राजोदा, पिड़वाय में 33/11 केवी के नए ग्रिड बनाए जा रहे है, इनका कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो, ताकि समय पर उपभोक्ताओं को फायदा मिल सके। उन्होंने कस्बों एवं गांवों में नई बसाहट में जरूरी कार्य पाए जाने पर उन्हें समय पर करने को कहा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि बिल त्रुटिरहित हो, यदि कोई गलती सामने आती है, तो समय पर समाधान हो। मौसम के कारण यदि आपूर्ति बाधा आए, तो समय पर प्रभावित लोगों को सूचना दे एवं जिम्मेदार इंजीनियर उपभोक्ताओं से सतत संवाद कायम रखे। फोन बंद होने या नहीं उठाने की शिकायत नहीं मिले। पोल टूटने या जर्जर होने, केबल, कंडक्टर एवं ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर भी समय पर बदले जाए, ताकि परेशानी कम से कम हो। इस मिटिंग में इंदौर ग्रामीण अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि कृषि वर्ग के उपभोक्ताओं को दस घंटे एवं शेष सभी को 24 घंटे आपूर्ति की व्यवस्था है। शिकायत निवारण के लिए भी सभी वितरण केंद्रों पर प्रभारी है, इनकी सतत मानिटरिंग की जाती है। उपभोक्ता संतुष्टि के लिए रेंडम आधार पर कॉल भी किए जाते है, ताकि समय पर फीडबैक मिल सके। मिटिंग में कार्यपालन यंत्री श्री अभिषेक रंजन, श्री आरके राजलवाल समेत करीब पंद्रह इंजीनियरों के साथ ही अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# भजन गाने वाले विजयवर्गीय ने गाए रोमांटिक फिल्मी गाने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने एक कार्यक्रम में फिल्मी गीत गाकर लोगों की खूब दाद बटोरी। संगीत प्रेमी विजयवर्गीय अकसर भजन गाते हैं, लेकिन कार्यक्रम का अंदाज देख फिल्मी गीत गाने से भी नहीं चूकते। बुधवार को उन्होंने कार्यक्रम में लोगों की फरमाइश पर तीन-चार गीत गाए और खूब हंसी-मजाक भी की।**

दरअसल  वर्ल्ड म्यूजिक डे पर कृष्ण पुरा छत्री पर 24 घंटे चलने वाले संगीत के कार्यक्रम में वे शामिल हुए। यहां लोगों ने उनसे आग्रह किया तो उन्होंने अपनी पसंद के फिल्मी गीत सुनाना शुरू किए। उन्होंने दूर रहकर न करो बात करीब आ जाओ , इशारों...इशारों में दिल लेने वाले, तुझको पुकारे मेरा प्यार जैसे गीत गाए तो खूब तालियां बजी। इस दौरान आपस में खूब हंसी-ठिठोली भी हुई और विजयवर्गीय ने भी खूब ठहाके लगाए। इस बार विजयवर्गीय खूब मूड में थे और अपने नजदीकियों से खूब हंसी-मजाक भी की। हालांकि उनके द्वारा गाए कुछ गीतों के मुखड़े वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से भी मेल खाते हैं, जिसे लेकर कांग्रेसी इसे रोचक अंदाज में ले रहे हैं।

### ● संगीत से जुड़ने वाले कभी बूढ़े नहीं होते


इस मौके पर उन्होंने गीत-संगीत को लेकर बात की और यह भी कहा कि जो संगीत से जुड़ा है वह कभी बूढ़ा नहीं होता। रोमांटिक गीतों के अलावा उन्होंने ह्यआपके पहलू में आकर रो दिएङ्क्ष गाना भी गाया। सबसे आखिरी में चौदहवीं का चांद हो या आफताब हो गाया तो जमकर तालियां बजी। खास बात यह कि विजयवर्गीय को अधिकांश गाने यादे हैं। हालांकि उनके पास कांग्रेस नेता कमलेश खंडेलवाल बैठे थे जो मोबाइल पर उन्हें गीत गाने के लिए दिखा रहे थे लेकिन इसकी जरूरत कम पड़ी। एक बात उन्होंने दोहराई कि न तो मैंने संगीत सीखा, न कभी संगीत महाविद्यालय के सामने से गुजरा हूं, लेकिन मुझे गीत-संगीत का शौक शुरू से ही है।

# विशेष कार्यशाला में बताए योगासन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संस्था अरुयोगासन के द्वारा विश्वविख्यात शंकरा आई सेंटर, विजय नगर में स्थित शाखा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगा की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न योगासन बताए गए। संस्था की संचालिका योग साधिका अनिता शर्मा ने बताया कि प्राणायाम, आसनों और योग क्रियाओ से श्वसन तंत्र को मजबूत कर रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाई जा सकती है। हमारे शारीरिक मानसिक बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए योगासन अति आवश्यक है। घर पर रहकर कोई भी एक्सरसाइज़ या फिर योग ज़रूर करें।  अंत में संस्था अरुयोगासन की और से रुपेश शर्मा ने सभी पधारे हुई गणमान्य अथितियों और संस्थान के कर्मचारियों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।



# यात्री बस से नशे की तस्करी

## 150 शीशी कोरेक्स के साथ महिला गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा। रीवा शहर की समान पुलिस ने न्यू बस स्टैंड से एक महिला तस्कर को 150 शीशी कोरेक्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि गुरुवार की भोर 4 बजे महिला अटैची लेकर उत्तरप्रदेश के प्रयागराज की ओर से आने वाली बस से उतरी। इसके बाद शहडोल जाने वाली बस में सवार हो गई। तब चालक व खलासी को महिला की अटैची संदिग्ध प्रतीत हुई। तो तुरंत पुलिस का खबर दी।**

जानकारी के बाद समान पुलिस अपने साथ महिला आरक्षक को साथ लेकर मौके पर पहुंची। बस की घेराबंदी कर पुलिस ने महिला के अटैची की तलाशी ली। जिससे 22.5 हजार रुपए की 150 शीशी नशे की खेप निकली है। कफ सिरप जब्त करने के बाद महिला को थाने लाया गया। एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से महिला को केन्द्रीय जेल भेज दिया गया है।

### शंका होने पर बस के स्टाफ ने खबर दी

समान थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी पटेल ने बताया कि 22 जून की अल सुबह अंजू शर्मा पति अनुराग शर्मा 48 वर्ष निवासी ब्यौहारी कोतवाली के पीछे जिला शहडोल को रीवा न्यू बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है। महिला यात्री बस में नशीली कफ सिरप लेकर प्रयागराज से आई थी। इसके बाद शहडोल की बस में सवार हुई। शंका होने पर बस के स्टाफ ने पुलिस को जानकारी दी थी।

### बस परिचालकों को अलर्ट रहने के निर्देश थे

बता दें कि रीवा जिले में शहर से लेकर देहात तक नशे के तस्कर नए नए हथकंडे अपनाते हुए कोरेक्स की तस्करी करते है। यहां ट्रांसपोर्ट, कोरियर, आटो, ट्रक, ट्रेन, कार, बाइक, साइकिल से नशा बेचा जाता है। कई तराई अंचल में टमस नदी के अंदर छिपाकर कच्ची व अवैध शराब बेची जाती है। कई बार यात्री बस में नशीला पदार्थ आ चुका है। ऐसे में बस परिचालकों को अलर्ट रहने के निर्देश थे।

### धूल झोंकने की कोशिश नाकाम

शहडोल की महिला तस्कर रीवा पुलिस का प्लान नहीं समझ पाई। उसे लगा कि यात्री बस में नशे की तस्करी नया एंगल है। हम बच कर निलक जाएंगे। ऐसे में महिला ने दिन की जगह रात को तस्करी का प्लान बनाया, लेकिन धूल झोंकने की कोशिश नाकाम हो गई है। पुलिस ने अटैची से साढ़े बाईस हजार की 155 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त कर ली है।

# पूर्व मंत्री राघवजी पर युवक से दुष्कृत्य की एफआईआर खत्म

- हाईकोर्ट ने माना- सहमति से बने संबंध अपराध नहीं, पीड़ित बोला- सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और साल 2013 तक प्रदेश के वित्त मंत्री रहे राघव जी को युवक से अननैचुरल सेक्स के मामले में हाईकोर्ट ने बरी कर दिया है। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा है कि दो वयस्कों में सहमति से बने यौन संबंध अपराध नहीं हैं। इसके आधार पर भोपाल के हबीबगंज थाने में दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि भोपाल की अदालत में चल रहा इस मामले का ट्रायल भी अपने आप खत्म हो जाएगा।

इसके बाद राघव जी फिर से राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। वे अपने लिए नहीं, लेकिन अपनी बेटी के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए दावा कर रहे हैं। राघव जी के वकील शशांक शेखर ने बताया कि फरियादी ने अपनी शिकायत या बयानों में कभी भी यह नहीं कहा कि उसने यौन संबंधों का विरोध किया था। उसके पास भागने का भी मौका था, लेकिन वह उनका घर छोड़कर भी नहीं गया। इसका मतलब है कि उन संबंधों में उसकी सहमति थी।

शिकायतकर्ता ने खुद कहा है कि उसने योजना बनाकर वीडियो रिकॉर्ड किया। यानी वह जानबूझकर संबंध बनाने पहुंचा था। इस वीडियो का मकसद भी मंत्री को बदनाम करना ही था। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का नया फैसला आने के बाद 377 के तहत अपराध बनता ही नहीं है। इस फैसले को राघव जी ने सत्य की जीत बताया है। राघव जी ने कहा इस फैसले से 10 साल से चल रही उनकी मानसिक प्रताड़ना अब खत्म हो जाएगी। वे तो 2016 से ही कह रहे थे कि उनके खिलाफ दायर एफआईआर गलत है।

# एसआई की पिस्टल से चली गोली, एसएफ जवान घायल

- जवान को अस्पताल ले गए साथी, गलती से चली थी गोली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़**। रक्षित केंद्र राजगढ़ में रक की पिस्टल से गोली चल गई। इस हादसे में रत्र्ह का एक जवान घायल हो गया। इस घटना के बाद वहां खलबली मच गई। हालांकि गोली गलती से चली है। घटना में रत्र्ह के जवान को हाथ में चोट आई है। घटना के बाद पुलिसकर्मी घायल जवान को इलाज के लिए जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे। दरअसल, बुधवार को एसएफ के जवान रवि परिहार खिलचीपुर में अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। रक्षित केंद्र में वेतन आदि निकालने का काम चल रहा था। इस दौरान सब इंस्पेक्टर धाकड़ के हाथ से पिस्टल का बटन गलती से दब गया और गोली चल गई। गोली रत्र्ह के जवान रवि परिहार के हाथ को छूकर निकल गई। उसी दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मी घायल जवान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

# महाकाल दर्शन करने आए कोटा के छात्र की डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। गुरूवार को भी कोटा से महाकाल दर्शन करने आए छात्र की शिप्रा नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक अपने दो दोस्तों के साथ मंदिर दर्शन करने आया था। सुबह स्नान करते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी मे चला गया जिससे उसकी मौत हो गई।

शिप्रा नदी में इस महीने डूबने से अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी हैं। गुरूवार को हुए एक हादसे में फिर एक युवक की जान चली गई। कोटा के रहने वाले तीन दोस्त संत मीणा,अर्जुन प्रजापति और 12 वीं कक्षा का छात्र गौरव सेन महाकालेश्वर मंदिर दर्शन के लिए उज्जैन आए थे। सुबह दर्शन से पहले तीनों दोस्त शिप्रा नदी के रामघाट पर स्नान के लिए पहुंचे। यहाँ पर तीनों रस्सी पकड़ कर डुबकी लगा रहे थे। इस दौरान गौरव का पैर फिसलने से वो गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दोस्त को डूबता देख दोनों दोस्तों ने उसे सहारा दिया लेकिन वो दोनों को भी अंदर खींचने लगा,जिससे डर कर दोनों दोस्त तो बाहर आ गए लेकिन गौरव बाहर नहीं आ सका ओर उसकी डूबने से मौत हो गई। संत मीणा ने बताया कि जब दोस्त डूब रहा था करीब 50 लोग हमें देख रहे थे लेकिन कोई बचाने नहीं आया। बुधवार को भी एक गोताखोर की डूबने से मौत हो गई थी। उल्लेखनीय है कि शिप्रा में लगातार हादसे हो रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारी नींद निकाल रहे है। नदी के घाट पर फिसलन हो रही है,रेलिंग नहीं है एम्बूलेंस भी सही समय पर नहीं मिलती है। जब तक प्रशासन जागेगा नहीं तो शिप्रा में हो रहे ये हादसे कैसे रोके जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जानकारी दी जाती है कि शिप्रा नदी के घाटों पर होमगार्ड के जवान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं, लेकिन इन हादसों को देखते हुए लगता नहीं है कि वहाँ पर कोई भी जवान मुस्तैदी के कार्य कर रहा है।

# बेटी ने माता-पिता को बंधक बनाया

- खाने में देती एक रोटी, मां-बेटे ने की बेहरमी से पिटाई, दोस्त ने की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भोपाल के हबीबगंज इलाके में बुजुर्ग माता-पिता से बर्बरता करने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग दंपती की बेटी ने उन्हें 4 महीने से बंधक बनाकर रखा था। लड़की किसी से उन्हें मिलने नहीं देती और घर से जाने के एवज में 3 करोड़ की मांग कर रही थी। दंपती का लड़का मानसिक रोगी है। बुधवार को पुलिस के पास एक लिखित आवेदन आया। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस दंपती के घर पहुंची। जहां पर पुलिस बंद कमरे में घुसी तो दंग रह गई। लड़की ने बुजुर्ग पिता को इतना पीटा था कि वो बेड से नहीं उठ पा रहे थे। पुलिस ने दंपती व उनके बेटे को अस्पताल में एडमिट कराया है।

एसआई सुदिल देशमुख ने बताया कि सीएस सक्सेना (80) अपनी पत्नी कनक सक्सेना (76) के साथ अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज में रहते हैं। सीएस सक्सेना स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर पद से रिटायर हुए हैं। उनका एक 48 साल का बेटा है, जो मानसिक रोगी है। बुजुर्ग दंपती ने अपनी बेटी निधि सक्सेना की शादी कर्नल से की थी। लड़की को दो बच्चे हैं। कुछ दिन पहले बेटी ससुराल से लड़ाई करके भोपाल अपने माता-पिता के पास आ गई। यहां पर माता-पिता से 3 करोड़ की मांग करने लगी। बुजुर्ग ने इतना पैसा नहीं होने की वजह से मना कर दिया। इसके बाद बेटी ने अपने बड़े बेटे मेथिल सक्सेना (21) के साथ बुजुर्ग दंपती से मारपीट शुरू कर दी। उनका सबसे मिलना जुलना बंद करवा दिया और ऊपर के कमरे में बंधक बनाकर रख लिया। बुधवार को करीब 12 बजे सीएस सक्सेना के दोस्त ने लिखित आवेदन दिया कि चार महीने से लड़की ने बंधक बना लिया है, किसी से मिलने भी नहीं दे रही है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए दंपती के घर पहुंची। जहां पर पति-पत्नी कमरे में बंद मिले। उन्हें बंधन से मुक्त कराकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### खाने में देती एक रोटी

लड़की ने बुजुर्ग माता-पिता के साथ बेटे के साथ मिलकर बेहरमी से मारपीट की थी। बुजुर्ग व्यक्ति तो बेड से उठने में भी असमर्थ हो गए। उन्होंने बताया कि 4 महीने पहले सास-ससुर से मारपीट करके घर आ गई। इसके बाद एटीएम ले लिया और सारे पैसे हड़प लिए। खाने में बस एक रोटी देती थी। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। घटना के बाद आरोपी महिला ने थाने आकर पुलिस को भी धमकी दी।

# हिस्ट्रीशीटर ने मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह का किया प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। ग्वालियर के हजीरा चौराहे पर गुरुवार को उस वक्त हड़कम मच गया जब पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर निगरानीशुदा बदमाश राहुल राजावत और उसके साथियों पर लाठियां बरसाते हुए उसके साथियों सहित गिरफ्तार कर लिया। बदमाश राहुल राजावत पुलिस द्वारा उस पर लगातार निगरानी रखने और उसके घर जाकर चैकिग करने से बौखला गया, जिससे नाराज होकर उसने चौराहे पर साथियों के साथ चक्काजाम का प्रयास किया। इसी दौरान उसने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह की कोशिश की, पुलिस ने जब उसे रोका तो उसके साथी पुलिस पर हावी हो गए जिसके बाद पुलिस ने जमकर लाठियां बरसाईं और राहुल राजावत सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर ले गई।



### रोड पर किया चक्काजाम

एडिशनल एसपी ऋषिकेश मीणा ने बताया कि राहुल राजावत हजीरा थाना क्षेत्र का हिस्ट्री शीटर है। पुलिस का ये काम है कि गुंडा लिस्ट में शामिल और हिस्ट्री शीटर बदमाश की वो निगरानी करती है। बुधवार को भी पुलिस राहुल राजावत के घर चैकिंग करने गई थी। उन्होंने बताया है कि चूँकि पुलिस उसे चैक करने जाती है इसलिए उसने अपने घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं और उसी को आधार बनाकर उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट की कि पुलिस उसे परेशान कर रही है, जबकि ये पुलिस का काम है, यदि उन्हें किसी से शिकायत थी तो वरिष्ठ अधिकारी से शिकायत कर सकते थे लेकिन ऐसा नहीं किया। राहुल राजावत ने बिना कोई शिकायत किए आज हजीरा चौराहे पर चक्काजाम करने की कोशिश की, पुलिस वहां पहले से ही मौजूद थी, हमने इन लोगों को हटाने के लिए कहा लेकिन वो बैठे रहे इस दौरान उसने अपने ऊपर कुछ उड़ेल लिया जब रोका तो चक्काजाम कर रहे लोग पुलिस पर हावी हो गए जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर सबको खदेड़ दिया।

एडिशनल एसपी ने कहा कि पुलिस ने 6-7 लोगों को पकड़ा है उन पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है बाकि अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया जायेगा, उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी गुंडा बदमाश चक्काजाम या अन्य किसी तरह से जनता को परेशान करने का प्रयास करेगा तो पुलिस उसे छोड़ेगी नहीं।



MORARI BAPU

**अध्यात्म जगत में गुरु का शरीर उपस्थित होना आवश्यक नहीं है, अपने गुरु के विचारों को स्मृति में रखकर उनसे संवाद करें।**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### प्रदीप कुमार बनर्जी



**(जन्म- 23 जून, 1936, जलपाईगुडी, पश्चिम बंगाल)**
भारत के सर्वश्रेष्ठ फ़ुटबॉल खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 1962 के एशियाई खेलों के फ़ाइनल में भारत की ओर से प्रथम गोल दागा था। बाद में भारत ने इस मैच में स्वर्ण पदक जीता था। 1960 के रोम ओलंपिक में पी. के. बनर्जी भारतीय फ़ुटबॉल टीम के कप्तान रहे। वे भारत के प्रथम फ़ुटबॉल खिलाड़ी हैं, जिन्हें 1961 में 'अर्जुन पुरस्कार' प्रदान किया गया था। पी. के. बनर्जी उस भारतीय फ़ुटबॉल टीम के श्रेष्ठ खिलाड़ी सदस्य थे जिसने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान कायम की। वह 'फारवर्ड स्ट्राइकर' के स्थान पर खेलते थे और टीम के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण मौके पर गोल करना उनकी आदत में शामिल रहा। प्रदीप कुमार के पिता का नाम प्रभात कुमार बनर्जी था।

## संपादकीय

### बड़े बदलाव की शुरूआत

यह सर्वमान्य है कि अगर भारत और अमेरिका देश रक्षा के क्षेत्र में किसी अहम समझौते पर पहुंचते हैं, तो उससे बड़े बदलाव की शुरूआत होगी। खास कर लड़ाकू विमानों के लिए जीई 414 जेट इंजन निर्माण को लेकर भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। रणनीतिक स्तर पर तकनीकी साझेदारी के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में जो सहमति बनी तो पर्यावरण की दिशा में महत्त्वपूर्ण असर दिखेगा। भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। न सिर्फ यह ऐतिहासिक पल है वरन यह दोनों देशों के आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के साथ नई दिशा भी देगा। प्रधानमंत्री के दौरे को कूटनीतिक लिहाज से महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरे के इसलिए भी खास मायने हैं कि इसका पूरे विश्व, खास तौर पर हमारे पड़ोसी मुल्क चीन के लिए अहम संदेश है। पिछले कुछ अरसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीन का दबदबा बढ़ा है। वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लगातार अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। वह भारत के साथ सीमा विवाद में भी उलझा है। दूसरी ओर, अमेरिका को पता है कि चीन से उसकी अदावत में भारत की कितनी अहमियत है। ऐसे में चीन के वर्चस्व पर लगाम की कवायद के लिहाज से भी इस दौरे को खास माना जा रहा है। भारत इस समय पूरे विश्व में अपने जनबल को लेकर चर्चा में है। हम एक युवा देश हैं। यह देश विश्व के सबसे ताकतवर देश के साथ बराबरी में बैठ कर जब बात करेगा तो कूटनीतिक स्तर पर खास मायने सामने आएंगे। यह तय है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से चीन पर कच्चे माल और दूसरे श्रमबल के लिए निर्भरता खत्म होगी। इस तरह से रणनीतिक तौर पर यह दौरा भारत और चीन के संबंधों के लिहाज से भी संवेदनशील साबित होगा और इस क्षेत्र में हमारी चिंता और मान्यताओं को लेकर नई तस्वीर गढ़ेगा। यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह वैश्विक स्तर पर मूल्यवृद्धि, युक्ति, समझ, चिंताओं, जिनमें आतंकी चुनौतियां भी हैं झ को लेकर अहम भूमिका अदा करेगा।

**Quote...**

"Out of the mountain of despair, a stone of hope."

-Martin Luther King, Jr.

## महिला जगत

# इस बेबाक महिला ने रखी थी भारत में परिवार नियोजन की नींव

**जानिए अवाबाई वाडिया के बारे में**

इन दिनों सड़क पर दौड़ने वाले परिवहन जैसे, बस या टैक्सी के पीछे परिवार नियोजन के पोस्टर दिख जाते हैं, मेट्रो और टीवी चैनलों पर कंडोम के विज्ञापन नजर आ जाते हैं। शॉपिंग मॉल या स्टोर में सैनिटरी पैड के कई ब्रांड धडल्ले से बिकते नजर आ जाते हैं। लेकिन कुछ वर्षों पहले यह स्थिति नहीं थी। परिवार नियोजन के बारे में लोग खुल कर बात नहीं करते थे। कंडोम के विज्ञापन देखकर मुंह-नाक सिकोड़ लेते थे। 'हम दो, हमारे दो' या 'छोटा परिवार, सुखी परिवार' की अवधारणा आज आम बात है, लेकिन एक दौर था, जब इस बारे में चर्चा करना शर्म की बात मानी जाती थी। लेकिन क्या आपको पता है कि उस दौर में मुद्दे को उठाने वाली और बेबाकी से परिवार नियोजन की वकालत करने वाली एक महिला ही थी। चलिए जानते हैं भारत में पहली बार परिवार नियोजन की नींव रखने वाली अवाबाई वाडिया के बारे में।



### ● भारत में परिवार नियोजन

परिवार नियोजन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करने वाला भारत दुनिया का पहला देश था। सन् 1952 में भारत में परिवार नियोजन नीतियों को आधिकारिक रूप से लागू किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या स्थिरीकरण के साथ ही प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ाना, मातृ व शिशु की बेहतर सेहत और बाल मृत्यु दर को कम करना था। हालांकि जब इस कार्यक्रम को देश में लागू कराने का श्रेय अवाबाई वाडिया को जाता है, उनके गर्भपात के बाद पति ने भी अवाबाई से रिश्ता खत्म कर दिया।

### ● कौन हैं अवाबाई वाडिया?

अवाबाई वाडिया का जन्म कोलंबो में 1913 को हुआ था। खुले विचारों वाले परिवार में जन्मी अवाबाई ने उच्च शिक्षा हासिल की और अपने तरीके से अपना जीवन जिया। अवाबाई के पिता शिपिंग अधिकारी थे और उनकी माता एक गृहिणी थीं।

### ● शिक्षा

पढ़ाई में होनहार अवाबाई ने यूनाइटेड किंगडम से 'बार परीक्षा' पास की। उनके नाम एक बड़ी उपलब्धि भी है। बार परीक्षा पास करने वाली अवाबाई श्रीलंका की पहली महिला बनीं। उनकी इस उपलब्धि के बाद श्रीलंका सरकार ने महिलाओं को कानूनी शिक्षा देने का प्रयास तेज कर दिया।

### ● करियर

बाद में अवाबाई ने लंदन में काम करना शुरू किया। इस दौरान उन्हें लैंगिक भेदभाव का भी सामना करना पड़ा। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अवाबाई और उनका परिवार भारत आ गया। अवाबाई के परिवार ने बंबई में घर लिया। हालांकि यहां अवाबाई की वकालत पीछे रह गई और वह समाजसेवा के कार्यो में लग गईं। इस बीच 1946 में उनकी शादी बोमनजी खुरशेदजी वाडिया से हुई।

### ● परिवार नियोजन की रखी नींव

उस दौर में दुनिया आबादी की जरूरतों को पूरा करने की समस्या से जूझ रही थी। मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर लगातार बढ़ रही थी। हालांकि उस दौर में परिवार नियोजन पर बात करना अपराध जैसा था। समाज सेवा के काम में लगी अवाबाई ने 1949 में फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की स्थापना की। साल 1952 में अवाबाई का गर्भपात हो गया और उनके पति ने उनसे रिश्ता तोड़ दिया। अवाबाई ने जाना कि महिलाओं का जीवन कितनी समस्याओं से घिरा हुआ है। अवाबाई ने परिवार नियोजन के कार्यक्रम को तेज करते हुए सरकार तक इस मसले को पहुंचाया और 1952 में परिवार नियोजन नीतियों को आधिकारिक तौर पर लागू किया। भारत इस तरह का कार्यक्रम चलाने वाला पहला देश बना और दुनियाभर में प्रसिद्ध हुआ।

### ● परिवार नियोजन मिशन की उपलब्धियां

एफपीएआई के प्रयासों के जरिए कर्नाटक क्षेत्र में शिशु मृत्यु दर में कमी देखी गई। विवाह की औसत आयु बढ़ गई। हालांकि परिवार नियोजन मिशन की काफी आलोचना भी हुई। अवाबाई के मिशन में किसी पर जबरन परिवार नियोजन की अवधारणा थोपना नहीं था लेकिन कुछ राज्यों में खास समुदाय के लोगों को जबरदस्ती परिवार नियोजन के लिए कैंप ले जाया गया। कुछ लोगों के मरने की जानकारी भी मिली। इस कारण 1980 में अमेरिका ने इस मिशन को फंड देने से इनकार कर दिया। अवाबाई ने भारत सरकार से साथ मिलकर एक बार फिर मिशन को नए सिरे से शुरू किया। इस मिशन की छवि को सुधारने की प्रयास किया। 1971 में अवाबाई को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## Highlights

1. Get up to 7%* p.a. with ActivMoney: Kotak Bank
2. Intel India head Nivruti Rai resigns after 29 years
3. What did PM Modi say about terrorism while addressing the US Congress?
4. Anand Mahindra shares inside pics, visuals from White House during state dinner
5. Even sky is not the limit for India-US partnership: PM Modi at WH
6. 5 senior Railways officers transferred weeks after Odisha train tragedy
7. Still expect to meet Xi: Biden after calling China Prez 'dictator'

# What3words is innovating precise navigation with 57 trillion three-meter squares

**NEW DEIHI, (Agency).** As the adage goes, the more things change, the more they remain the same. In the foreseeable future, Google Maps is likely to be your go-to navigation app. Chris Sheldrick, who is the co-founder and CEO of navigation platform What3words, isn't attempting to change that. In fact, he wants to refine the entire experience, irrespective of which navigation app you use. Or the messaging app you use to share the location. Just, make it more accurate.

It is not a traditional GPS system, as we have interfaced with, thus far. The addresses aren't as you see street addresses, also called postal addresses, in apps such as Google Maps and Apple Maps. It is easy to confuse what3words as a Google Maps alternative. It doesn't intend to be one.

"It is more like an address system. If I'm the person who lives in this house here, this road may not even have a name," Sheldrick tells us, pointing to a row of houses on a map, with a road that's unmarked. "I want to say that this is my front door. The GPS technology is taken care of by the phone. What I've basically given this place here is a name and we call that an address," he says.




That is, 57 trillion three-meter squares, at a time. On earth, all landmass is covered, including the north pole and the south pole. And oceans too, Sheldrick confirms.

Any location a user pins, gets earmarked into a square that is 3 meters x 3 meters. That is how what3words envisions all of the earth's surface. Each of these squares is given a unique address, made of three words. They're randomly assigned combinations at first, but once earmarked for a grid, they can never be swapped with another grid. Sheldrick tells us there are safeguards in place within the system to ensure no such error happens.

For instance, the what3words office on Alfred Road in London, is addressed as ///vines.supporter.enhancement. Our Hindustan Times office in New Delhi is ///candidate.watch.musician. As a user, you may not necessarily have to remember the three-word addresses, though you always have the option to.

# Three board members quit Byju's, Deloitte steps down as auditor: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Three board members of Indian startup Byju's have quit and Deloitte has stepped down as its auditor, three sources said, key departures amid the edtech company's disagreement with lenders and when an investor has slashed its valuation.

Peak XV Partners' GV Ravishankar, Prosus' Russell Dreisenstock and Chan Zuckerberg Initiative's Vivian Wu have resigned from the board, three sources familiar with the matter said.



A Byju's spokesperson called the news of the resignations "entirely speculative". The company firmly denies these claims, the spokesperson said, adding significant developments or changes within the organization are shared through official channels.

Ravishankar and Wu did not immediately respond to calls and messages and Dreisenstock was not reachable.

The departures mean Byju's board now consists only of the founder's family - Chief Executive Byju Raveendran, his wife Divya Gokulnath, and brother Riju Raveendran, the sources said.

Separately, Deloitte, one of the world's biggest auditing firms, has stepped down mid term, according to two sources familiar with the matter.

Byju's said it has appointed BDO as the new auditor, adding that this will help it "uphold the highest standards of financial scrutiny and accountability."

New Delhi

# होटल, फ्लाइट और पैकेज के नाम पर लेते रहे पैसे, थाईलैंड टूर का झांसा देकर 4 लाख की ठगी

**फरीदाबाद, (एजेंसी) थाईलैंड टूर की फ्लाइट टिकट और होटल की बुकिंग के नाम पर टूर एंड ट्रेवल कंपनी के निदेशक द्वारा ट्रेवल एजेंसी मालिक से चार लाख रुपये की ठगी का मामला आया है। पल्ला थाना पुलिस ने एक ट्रेवल एजेंसी के संचालक की शिकायत पर टूर एंड ट्रेवल कंपनी के निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक, दलजीत कॉलोनी निवासी चंदन कुमार झा की सूर्या विहार पार्ट-दो में ट्रेवल साइट नाम से ट्रेवल एजेंसी हैं। 13 अप्रैल को उनके दफ्तर आकर एक ग्राहक ने 12 लोगों के लिए थाईलैंड के टूर पर जाने के लिए फ्लाइट टिकट और होटल बुक करने के लिए संपर्क किया।



उन्होंने दिल्ली के नजफगढ़ के कृष्णा एन्क्लेव निवासी बी टू सी होलीडेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक कैलाश राठौर से संपर्क किया। कंपनी निदेशक ने 12 यात्रियों के टूर पैकेज के लिए चार लाख 74 हजार 108 रुपये का खर्चा बताया। बुकिंग के लिए पीड़ित ने कंपनी निदेशक के बैंक खाते में 20 हजार रुपये भी भेज दिए।

इस तरह अलग-अलग किस्तों में पीड़ित ने ट्रेवल कंपनी के निदेशक को चार लाख रुपये भेज दिए। आरोप है कि उन्हें आरोपी ने होटल वाउचर उपलब्ध नहीं करवाए। जब वह उसे फोन करते तो वह जल्द वाउचर उपलब्ध करवाने का भरोसा देता। आरोपी के बार-बार आश्वासन देने के बाद भी फ्लाइट टिकट और वाउचर नहीं मिले तो उन्होंने ऑनलाइन टिकट बुकिंग देखी। इस पर पीड़ित को पता चला कि आरोपी निदेशक फ्लाइट टिकट भी रद्द करवा चुका है। इस बारे में आरोपी ने पीड़ित को कोई जानकारी भी नहीं दी थी।

Uttarakhand

## उत्तराखंड में भीषण हादसा, खाई में गिरी बोलेरो, 10 लोगों की दर्दनाक मौत

**पिथौरागढ़, (एजेंसी)** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ. एक बोलेरो गाड़ी 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी. हादसा इतना भयानक था कि दस लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और गाड़ी के परखच्चे उड़ गए.

दरअसल जिले की मुनस्यारी तहसील के होकरा गांव में श्रद्धालुओं से भरी एक बोलेरो असंतुलित होकर 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी. इसमें 10 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. सभी श्रद्धालु बागेश्वर जिले के शामा तहसील के निवासी थे. वो होकरा देवी मंदिर में पूजा के लिए जा रहे थे.

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासियों के साथ ही पुलिस, एसडीआरएफ एनडीआरएफ और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची. इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया. जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने बताया कि सभी शवों को खाई से निकालकर उनका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है.

हादसे की जगह गहरी खाई होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीमों को शवों को सड़क तक पहुंचाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी. इससे पहले मई में उत्तराखंड के खटीमा के गांव में भीषण हादसा हुआ था.

Uttarpradesh

## शाहजहांपुर में भीषण सड़क हादसा, एक ही बाइक पर सवार 5 लोगों की मौत

**शाहजहांपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में शुक्रवार तड़के दिल दहलाने वाला हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार 6 में से 5 लोगों की मौत हो गई तथा एक साल की एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। मरने वालों में पति, पत्नी, एक बेटा, एक बेटी और साली शामिल है। सभी लोग एक ही बाइक से हरदोई के शाहाबाद से विवाह समारोह में शामिल होकर अपने घर जैतीपुर के गांव सलेमपुर जा रहे थे। जैतीपुर क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी रघुवीर 28 वर्षीय, पत्नी ज्योति 25 साल, बेटा कृष्णा 5 साल, अभी 3 साल, साली जूली 35 साल, एक साल की बेटी आराध्या एक ही बाइक से शाहाबाद के दल्लेनगर निवासी श्याम सिंह की बेटी गुड्डी की शादी में शामिल होने गुरुवार को गए थे।

Bihar

## कार सवार 4 लोगों पर अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, 3 की मौत

**दरभंगा, (एजेंसी) बिहार के दरभंगा जिले से इस वक्त एक बड़ी खबर आ रही है, जहां बाइक सवार 6 बदमाशों ने कार से जा रहे चार लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चौथे की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। बहेड़ी-लहेरियासराय मुख्य सड़क पर गुरुवार शाम करीब 4:15 बजे की वारदात है। वर्चस्व की लड़ाई में वारदात को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।**

मृतकों की पहचान बहादुरपुर प्रखंड के ओझौल निवासी शत्रुघ्न प्रसाद सिंह के पुत्र अनिल सिंह, उसके चचेरे भाई मनीष सिंह तथा पटना निवासी निजी सुरक्षा गार्ड मुन्ना सिंह के रूप में हुई है। इनमें से अनिल सिंह की मौत मौके पर ही हो गयी थी। कार के चालक समेत तीन घायलों को पुलिस ने डीएमसीएच में भर्ती कराया। वहां मनीष सिंह और मुन्ना सिंह की मौत हो गयी। मनीष सिंह दरभंगा नगर निगम में तृतीय वर्गीय कर्मचारी था। फिलहाल वह लहेरियासराय टावर स्थित कमला नेहरू पुस्तकालय में तैनात था। पुलिस के अनुसार अनिल सिंह आपराधिक प्रवृति का था। उसके ऊपर लहेरियासराय और बहेड़ी थाने में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

खेल

# 2nd टेस्ट: बैजबॉल पर बंटा इंग्लैंड, कप्तान-कोच रणनीति पर कायम

### बॉयकॉट बोले- मनोरंजन से ज्यादा एशेज जीतना जरूरी

**लंदन, (एजेंसी)** लॉर्ड्स में 28 जून से होने वाले एशेज के दूसरे टेस्ट से पहले कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की बैजबॉल रणनीति पर इंग्लैंड बंट गया है। ज्योफ बॉयकॉट, नासिर हुसैन, डेविड लॉयड जैसे दिग्गजों ने एजबेस्टन में अपनाई गई इंग्लैंड की आक्रामक क्रिकेट वाली बैजबॉल थ्योरी पर सवाल उठा दिए हैं। वहीं मैकुलम को इस रणनीति पर कप्तान स्टोक्स का समर्थन हासिल है। इंग्लैंड के लिए 108 टेस्ट में आठ हजार से अधिक रन बनाने वाले ज्योफ बॉयकॉट ने यहां तक कह दिया है कि इंग्लैंड के लिए मनोरंजन से ज्यादा एशेज जीतना ज्यादा जरूरी है। उनका कहना है कि ऐसे मनोरंजन का क्या फायदा, जिसकी कीमत हमें एशेज गंवाकर चुकानी पड़े।



एजबेस्टन में इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया से मिली दो विकेट से हार के बाद मैकुलम और स्टोक्स स्पष्ट कर चुके हैं कि वे लॉर्ड्स पर भी आक्रामक क्रिकेट की रणनीति से ही उतरेंगे। मैकुलम ने तो यहां तक कहा है कि एजबेस्टन में मिली हार ने उनकी टीम के खेलने के तरीके की पुष्टि कर दी है। एजबेस्टन में इंग्लैंड ने पहले ही दिन आठ विकेट पर 393 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। उस दौरान जो रूट 118 रन पर नाबाद खेल रहे थे। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड का कहना है कि अगर स्टोक्स ने पारी नहीं घोषित की होती तो रूट अतिरिक्त 30 से 40 रन बना सकते थे, जो अंतिम दिन काफी कीमती साबित होते।

इंग्लैंड ने एजबेस्टन टेस्ट में कुल 666 रन बनाए। इसके लिए उसने बैजबॉल थ्योरी के तहत सिर्फ 144.2 ओवर खेले। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 668 रन बनाए और उन्होंने ये रन 208.2 ओवर में बनाकर जीत हासिल की। इंग्लैंड ने एजबेस्टन में तेजी से रन बनाए, जिसका दर्शकों ने पूरा आनंद उठाया, लेकिन बॉयकॉट के मुताबिक अगर इंग्लैंड इसी रणनीति पर आगे बढ़ा तो यह प्रदर्शनी सीरीज बन जाएगी और इंग्लैंड एशेज हार जाएगा। बॉयकॉट का कहना है कि इंग्लैंड के समर्थक मनोरंजन से ज्यादा एशेज जीतना ज्यादा पसंद करेंगे। अगर इस तरह की क्रिकेट से ऑस्ट्रेलिया एशेज जीतकर जाता है तो हम अपने को बीमार महसूस करेंगे। इंग्लैंड बैजबॉल थ्योरी ही सवालों के घेरे में नहीं है बल्कि जॉनी बेयरस्टो की विकेट कीपिंग और इंग्लैंड के गेंदबाजों की ओर से एजबेस्टन में फेंकी गई नोबॉल पर सवाल उठ रहे हैं।

सिनेमा

## ये क्या पहन के आ गईं उर्फी जावेद? यूजर्स बोले- हिजाब का सम्मान करो



उर्फी जावेद अपने बोल्ड फैशन के लिए जानी जाती हैं। अधिकतर बार उन्हें उनके लुक्स की वजह से ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। इन सबसे बेफिक्र उर्फी लुक्स से कुछ ना कुछ प्रयोग करती रहती हैं। जब भी वह पपराजी के सामने आती हैं तो सभी को चौंका देती हैं। गुरुवार की शाम को उर्फी अपने नए लुक से साथ एक बार फिर से नजर आईं। 'बिग बॉस ओटीटी' फेम एक्ट्रेस इस बार भी बोल्ड आउटफिट में दिखीं।

यह पहली बार नहीं है जब उर्फी ने सार्वजनिक रूप से सभी का ध्यान खींचा हो। वह एक बर्थडे सेलिब्रेशन में हैंगआउट के लिए पहुंची थीं। उन्होंने हार्ट शेप का ब्रालेट बनाया था। इसके साथ उन्होंने व्हाइट कलर की बॉडी हगिंग ड्रेस कैरी की। उन्होंने अपने सिर को लाल दुपट्टे से कवर किया हुआ था और एक दुपट्टे को दोनों हाथों के साइड में लिया था जिसे वह लहराते हुए पोज दे रही थीं।

उर्फी जब पोज दे रही थीं तो उनके पीछे बहुत से लोग खड़े थे जो उन्हें देख रहे थे। पपराजी से उर्फी कहती हैं, 'एक दूसरे को क्यों मार रहे हो मुझ पर मरो ना।' एक पपराजी ने कहा, 'हम भी तो मरते हैं आपके ऊपर।' उर्फी उससे आगे कहती हैं, 'दिखा तो नहीं। एक दिन असली में मर के दिखाओ।'

# दोस्त चैक करता था मैसेज, लड़कों से दोस्ती पर गुस्सा करता था, युवती ने दे दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में गत दिनों एक्रोपालिस कॉलेज की स्टूडेंट की मौत के मामले में पुलिस ने उसके दोस्त के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने के मामले में केस दर्ज कर लिया है। छात्रा ने 11 अप्रैल 2023 को अपने कमरे में सुसाइड कर लिया था। दो लाइन के सुसाइड नोट में उसने पेपर बिगडऩे की बात की थी। हालांकि परिवार के लोग इसके पीछे ओर कोई कारण मान रहे थे।**

पुलिस ने जब छात्रा की कॉल डिटेल निकाली तो मामला कुछ और ही निकला। इधर रूम मैट के बयान के आधार पर उसके एक दोस्त के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने के मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब मामले में आरोपी की तलाश कर रही है। परिजन ने बताया कि हर्षिता काफी ब्राइट स्टूडेंट थी। स्कूल में वह क्लास में टॉपर रही। उसका इंदौर में पढ़ाई के दौरान बेंगलुरु की एक कंपनी में सिलेक्शन भी हो गया था। जिसमें उसे करीब दस लाख रुपए का पैकेज मिला था। वह एग्जाम के बाद बेंगलुरु शिफ्ट होने वाली थी। परिवार के मुताबिक उसका कलेक्टर बनने का सपना था। इसके लिए वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रही थी।

टीआई शशिकांत चौरसिया के मुताबिक मनावर में रहने वाली हर्षिता पिता विनोद शिंदे की मौत के मामले में पुलिस ने उसके गांव के ही रहने वाले दोस्त किशन पिता सुरेश नामदेव के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने के मामले में केस दर्ज किया है। टीआई के मुताबिक हर्षिता शिंदे इंदौर मै किराये के कमरे में रहकर पढाई करती थी। उसके गांव का लडका किशन नामदेव जो गांव से हर दिन हर्षिता को फोन से बात करता था। दोनों के बीच अफेयर भी था। रोज उससे पूछता था कि तुम कहां हो क्या कर रही हो और हर्षिता किसी दूसरे दोस्त व अन्य किसी से भी बात करती थी तो किशन नामदेव कभी कभी इंदौर आकर हर्षिता का फोन चेक करता और हर्षिता पर शंका करता था। इस बात को लेकर वह ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाती थी। सहेली के मुताबिक इन हरकतों की वजह से हर्षिता डिप्रेशन में आ गई थी। जिससे उसका पेपर भी बिगड़ गया था। मामले में सहेली के बयान ओर कॉल डिटेल के बाद पुलिस ने किशन को आरोपी बनाया है।

### भाई पांच दिन पहले ही गया था गांव

हर्षिता के साथ उसका छोटा भाई गौरव भी इंदौर में रहता था। गौरव लॉ की पढ़ाई कर रहा है। वह पांच दिन पहले ही अपने माता-पिता के पास सिंघाना गया था। गौरव ने सुसाइड वाले दिन दोपहर में बात करने के लिए बहन को कॉल किया, लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद उसने इंदौर में रहने वाले चचेरे भाई विनोद को कॉल किया। विनोद शाम करीब पांच बजे हर्षिता के कमरे पर पहुंचा और दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई, लेकिन उसने गेट नहीं खोला। बाद में गेट तोड़ा तो वह फंदे पर लटकी थी। इसके बाद शाम करीब 6.30 बजे पुलिस को सूचना दी गई। लगभग आधे घंटे में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# कास्मेटिक की आड़ में बेच रहा था नशे का सामान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने कास्मेटिक की आड़ में प्रतिबंधित हुक्का व लेवर बेचने के मामले में आरोपी से करीब साढे चार लाख रुपए का माल बरामद किया है। आरोपी के कब्जे से 51 हुक्का,कीमत करीब 1 लाख 27 हजार रुपए 150 लेवर कीमत 3 लाख रुपए एवं 10 कोयला सिगड़ी कीमत करीब 8 हजार रुपए जब्त की गई है। आरोपी शहर के पब, क्लब्स एवं स्टूडेंट्स वाले क्षेत्रों में लेवर्ड केमिकलयुक्त हुक्का बेच रहा था। प्रतिबंधित हुक्का आरोपी द्वारा डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से मुंबई से लाकर इंदौर में सप्लाई किया जा रहा था। इससे पूछताछ में कई और अन्य हुक्का बेचने वाले कारोबारियों के बारे में सुराग मिलने की संभावना है।**

आपरेशन क्राइम कंट्रोल के तहत क्राइम ब्रांच ने विशेष इनफारमर्स को सक्रिय किया है। ये अवैध धंधा करने वालों पर चौबीस घंटे नजर रखते हैं। ऐसे ही एक मुखबिर से क्राइम ब्रांच को टिप मिली कि प्रतिबंधित हुक्का व लेवर शहर में सप्लाई हो रहा है। टीम ने अपोलो टॉवर स्थित जिमी जेम कॉस्मेटिक दुकान पर छापा मारकर प्रतिबंधित हुक्का व लेवर बेचने वाले आरोपी विशाल जैन निवासी मनोरमा गंज को दबौचा। आरोपी ने पूछताछ करने पर बताया कि हुक्का व लेवर डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से मुंबई से आता है और इंदौर शहर के पब, क्लब्स एवं स्टूडेंट्स क्षेत्रों में लेवर्ड केमिकलयुक्त हुक्का बेचा जाता है। आरोपी के विरुद्ध थाना तुकोगंज पर कार्रवाई की जा रही है।

# लापता हुई फिर होटल में मिला था महिला का शव

● महिला की मौत में कोचिंग टीचर पर प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिय़ा इलाके की एक होटल में कोचिंग टीचर ने जहर खाकर जान देने के मामले में प्रताडऩा का केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में परिजनों ने 16 साल बड़े टीचर पर परेशान करने का आरोप लगाया था। बुधवार रात लसूडिय़ा पुलिस ने टीचर के खिलाफ प्रताडऩा के मामले में केस दर्ज किया है।**

टीआई संतोष दूधी के मुताबिक ईशा पति संभव जैन निवासी विंध्याचल नगर ने होटल टेन इलेवन ग्रांड के कमरे में जहर खाकर जान दी थी। जिसमें परिवार ने संदीप तोमर पर परेशान करने का आरोप लगाया था। इस मामले में संदीप पर प्रताड़ित करने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक ईशा की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता विपिन, मां सुनीता, बहन ईला और नंनद समीक्षा के बयान लिये। उन्होंने बताया कि 2017 से ईशा काम के दौरान संदीप के संपर्क में थी। शादी के बाद भी संदीप से उसकी एक मैसेज एप के माध्यम से चैटिंग होती थी।

इसके साथ ही कॉल डिटेल में भी संदीप की जानकारी निकली थी। परिवार ने अपने बयान में आरोप लगाया कि संदीप ने ईशा के साथ जबरदस्ती संबध बनाए ओर शादी के नाम पर झूठ बोला। जिसके चलते वह काफी डिप्रेशन में चली गई।

पुलिस के मुताबिक परिवार ने ईशा को लेकर सदर बाजार में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एक दिन पहले वह अपनी दादी के साथ तीन ईमली तक गई थी। यहां से वह लापता हो गई। उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया था। बाद में लसूडिय़ा पुलिस के माध्यम से परिवार के लोगों को होटल टेन इलेवन ग्रांड में उसके शव होने मिलने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद परिवार के लोगा यहां पहुंचे थे। पुलिस मामले में संदीप की जल्द गिरफ्तारी करेगी।

# एक करोड़ की कीमत के 405 गुम मोबाईल आवेदकों को वापस लौटाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सिटीजन कॉप एप्लीकेशन प्राप्त शिकायतों पर क्राइम ब्रांच द्वारा लगभग एक करोड़ की कीमत के 405 गुम मोबाईल आवेदकों को वापस लौटाए। गुम मोबाईल मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों तथा भारत के अन्य प्रदेशो जैसे दिल्ली, पंजाब, बिहार, राजस्थान, उडीसा, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ आदि से बरामद किए गए हैं।

पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर एवं एडिशनल पुलिस कमिश्नर ,क्राइम राजेश हिंगणकर के निर्देशन मे क्राइम ब्रांच द्वारा सिटीजन काप का संचालन किया जा रह है। इसमें प्राप्त शिकायतो के निराकरण के लिए पुलिस उपायुक्त निमिष अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त गुरू प्रसाद पाराशर तथा सहायक पुलिस आयुक्त निमेष देशमुख को निर्देशित किया गया है। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल द्वारा सिटीजन कॉप एप्लीकेशन पर गुम मोबाईल की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए वर्ष 2022 एवं 2023 की शिकायतों का निराकरण किया। गुम मोबाईल जो कि इंदौर सहित देश के विभिन्न शहरो में चल रहे थे,उन्हें क्राइम ब्रांच टीम द्वारा बरामद किया गया। टीम द्वारा कुल



405 मोबाईल जप्त किये गये हैं जिसमें हजारों रूपयें की कीमत के मंहगे मोबाईल भी शामिल हैं। बरामद मोबाईल में 5 आईफोन ,24 वन प्लस, 45 सेमसंग, 70 ओप्पो 120 वीवो,62 रेडमी, 54 रियल मी, 7 पोको,4 हॉनर,7 टेक्नो,3 नोकिया,3 मोटोरोला,3 आईटेल कंपनियों के हैं जिनकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है।

क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित की जा रही सिटीजन कॉप एप्लीकेशन वास्तव में एक एनराइड फोन एप्लीकेशन है। आमजन द्वारा गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप्लीकेशन में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के संपर्क न बर के अलावा अन्य महत्वपर्ण फीचर जैसे किसी घटना के संबंध में सीधे ऑनलाईन शिकायत अथवा पुलिस तक सूचना पहुंचाए जाने हेतु रिपोर्ट एन इनसीडेंट और किसी वस्तु के चोरी अथवा गुम होने पर पुलिस में आन लाइन शिकायत दर्ज कराये जाने हेतु रिपोर्ट लोस्ट आर्टिकल की सुविधा मुहैया कराई गई है। इसमें मोबाईल अथवा अन्य वस्तु के गुमने पर सीधे इस फीचर के माध्यम से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है, जिसमें आवेदक को आनलाईन ही शिकायत क्रमांक सहित रिपोर्ट से संबंधित रसीद प्राप्त होती है, जिसका उपयोग वह मोबाईल में गुम हुई सिम को बंद कराने अथवा नई सिम प्राप्त करने के लिये कर सकता है। इस कार्यप्रणाली की ऑनलाईन पद्धति होने से आवेदक को अब थाने अथवा अन्य कार्यालयों मे गुम मोबाईल का आवेदन नही देना होगा। आवेदक द्वारा की गई संपत्ति गुम-चोरी होने की शिकायत पर क्राइम ब्रांच की साइबर सेल जांच करती है। उक्त प्रक्रिया के परिणामस्वरूप ही 405 मोबाईल आवेदकों को सुपुर्द किये जा रहे हैं। गुम मोबाईल की शिकायतों मे कार्यवाही करते हुये यदि आवेदक का मोबाईल गुम होने के बाद चलना नही पाया जाता है या किसी वजह से खराब हो जाता हैं तो ऐसी स्थिति में मोबाईल सर्च नही हो पाता हैं। मोबाईल गुम होने के बाद अगर उपयोग नही किया जाता हो तो उसे तलाश करना स भव नही हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि सिटीजन कॉप एण्ड्रायड फोन एप्लीकेशन का उपयोग कर आपराधिक गतिविधियों की सूचनायें तथा इससे संबंधित शिकायतें घर बैठे सीधे ऑनलाईन पद्धति के माध्यम से पुलिस तक पहुंचाएं। इससे न केवल आपके समय की बचत होगी बल्कि आपकी शिकायतों अथवा सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने के लिये पुलिस को मदद मिलेगी।वर्ष 2022 में लगभग 1800 मोबाईल एवं वर्ष 2023 में अभी तक कुल 975 गुम मोबाईल आवेदकों को किए गए है वापस।'

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।